# CS (MAIN) EXAM:2018

EGT-P-SOCY

## समाजशास्त्र / SOCIOLOGY

### प्रश्न-पत्र I / Paper I

| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>Time Allowed : **Three** Hours | अधिकतम अंक : **250**<br>Maximum Marks : **250** |
| --- | --- |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

## Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) समाजशास्त्र का फोकस बिन्दु अन्योन्यक्रिया पर आधारित है । आप इसको सामान्य बुद्धि से किस प्रकार प्रभेदित करते हैं ?

The focal point of Sociology rests on interaction. How do you distinguish it from common sense ? *10*

(b) वेबर की प्रोटेस्टैन्ट आचारनीति और पूँजीवाद की आत्मा के बीच तथ्य और मूल्य में भेद कीजिए ।

Distinguish between fact and value in Weber's Protestant Ethic and Spirit of Capitalism. *10*

(c) क्या आपके विचार में मीड के कार्य में 'आई' और 'मी' केन्द्रीय शब्द हैं ?

Do you think 'I' and 'Me' are central terms in Mead's work ? *10*

(d) प्राकृतिक और सामाजिक असमता के बीच क्या विभेद है ? जाति और वर्ग विमाओं से उदाहरण दीजिए ।

What is the difference between natural and social inequality ? Give examples from caste and class dimensions. *10*

(e) विकसित समाजों में परिवार के नवीन स्वरूप क्या-क्या हैं ? चर्चा कीजिए ।

What are the new forms of family in developed societies ? Discuss. *10*

**Q2.** (a) क्या अप्रत्यक्षवादी कार्यप्रणाली वैज्ञानिक है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

Is non-positivistic methodology scientific ? Illustrate. *20*

(b) आत्महत्या पर दुर्खीम के आधारिक तर्कों की व्याख्या कीजिए । क्या आप समकालीन भारतीय समाज की उच्च आत्महत्या दरों का विश्लेषण दुर्खीम की थियोरी के द्वारा कर सकते हैं ?

Explain Durkheim's basic arguments on suicide. Can you analyse high suicide rates of contemporary Indian society with Durkheim's theory ? *20*

(c) मूल्यांकन कीजिए कि क्या समाज के लिए सामाजिक स्तरीकरण प्रकार्यात्मक है ।

Evaluate if social stratification is functional for society. *10*

**Q3.** (a) क्या प्रकार्यवाद का ढेर होना और मार्क्सवाद का दिवालियापन आधुनिकता के विच्छेद के साथ संपाती है ? विवेचना कीजिए ।

Does collapse of functionalism and bankruptcy of Marxism coincide with the rupture of modernity ? Discuss. *20*

(b) पितृतंत्र की परिभाषा दीजिए । अंतर्वैयक्तिक संबंधों में पितृतंत्र किस प्रकार अभिव्यक्त होता है ?

Define patriarchy. How does patriarchy manifest in interpersonal relations ? *20*

(c) मर्टन और दुर्खीम के बीच अप्रतिमानता में क्या असमानता है ? व्याख्या कीजिए ।

What is the difference between anomie in Merton and Durkheim ? Explain. *10*

**Q4.** (a) मार्क्स के अनुसार मानव अपनी मानवीय संभाव्यता से किस प्रकार विसंबंधित होते हैं और इसका परिवर्तन करने के लिए वह क्या सुझाव देता है ?

According to Marx, how are human beings alienated from their human potential and what does he suggest to change this ? *20*

(b) शिक्षा समाज के सभी सदस्यों की ऊर्ध्वमुखी गतिशीलता को सुनिश्चित नहीं करती है । वर्ग समाजों के संदर्भ में विवेचना कीजिए ।

Schooling does not ensure upward mobility of all members of the society. Discuss with reference to class societies. *20*

(c) धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र-राज्य के लिए धार्मिक पुनरुद्धार-वृत्ति के द्वारा उत्पन्न चुनौतियों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the challenges thrown by religious revivalism to a secular nation-state. *10*

## खण्ड B
## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) क्या वर्तमान समय में सांस्कृतिक पश्चता की थियोरी वैध है ? विवेचना कीजिए ।

Is the theory of cultural lag valid in present times ? Discuss. *10*

(b) क्या सामाजिक आंदोलन कार्यसूची में प्रगतिशील और साधनों में आदिम होते हैं ? व्याख्या कीजिए ।

Are social movements primordial in means and progressive in agenda ? Explain. *10*

(c) क्या वैज्ञानिक विधि समाजशास्त्र को एक विज्ञान बना देती है ? दुर्खीम की विधि के साथ अपने उत्तर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

Does scientific method make Sociology a science ? Illustrate your answer with Durkheim's method. *10*

(d) भारतीय समाज से उपयुक्त उदाहरणों के साथ, डाटा एकत्रीकरण की मात्रात्मक और गुणात्मक तकनीकों के बीच विभेदन कीजिए ।

Distinguish between quantitative and qualitative techniques of data collection with suitable examples from Indian society. *10*

(e) क्या सामाजिक गतिशीलता, स्तरीकरण की संवृत प्रणालियों में संभव है ? अनुसंधान कार्य से सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

Is social mobility possible in closed systems of stratification ? Illustrate from research work. *10*

**Q6.** (a) पूँजीवादी समाज में कार्य के सामाजिक संगठन की प्रकृति की विवेचना 'कार्य-दिवस की सीमाओं' के संदर्भ में कीजिए ।

Discuss the nature of social organisation of work in capitalist society with reference to the 'Limits of the working day'. *20*

(b) कुटुम्ब विकास की संकल्पना के संदर्भ में परिवार और कुटुम्ब में विभेदन कीजिए ।

Distinguish between family and household with reference to the concept of development of the household. *20*

(c) सामाजिक अनुसंधान के व्याख्यात्मक और अन्वेषणात्मक डिज़ाइनों की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए ।

Explain with examples, the explanatory and exploratory designs of social research. *10*

**Q7.** (a) समाज में मुख्य समस्याओं का विश्लेषण करने में पार्सन्स के 'ए.जी.आई.एल.' ढाँचे का किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है ? विवेचना कीजिए ।

How can Parsons' AGIL framework be used to analyse key problems in a society ? Discuss. *20*

(b) श्रमिक वचनबद्धता क्या है ? विनिर्माण उद्योग के अध्ययनों के उल्लेख के साथ इसकी विवेचना कीजिए ।

What is labour commitment ? Discuss it with reference to studies of manufacturing industry. *20*

(c) परेटो के अनुसार आभिजात्यों के बुनियादी अभिलक्षण क्या-क्या हैं ? विवेचना कीजिए ।

What, according to Pareto, are the basic characteristics of elites ? Discuss. *10*

**Q8.** (a) "समाजशास्त्रीय कल्पना हमें इतिहास और जीवनचरित को और समाज में दोनों के बीच संबंध को समझने में समर्थ बनाती है ।" — सी.डब्ल्यू. मिल्स । व्याख्या कीजिए ।

"The sociological imagination enables us to grasp history and biography and the relationship between the two in a society." — C.W. Mills. Explain. *20*

(b) पंथ क्या हैं ? आनुभविक उदाहरणों सहित बहु-धर्मीय समाजों में उनकी भूमिका की विवेचना कीजिए ।

What are sects ? Discuss their role in multi-religious societies with empirical examples. *20*

(c) दुर्खीम ने किस तरीके से धर्म को समाज के लिए प्रकार्यात्मक के रूप में अनुभव किया था ?

In what way did Durkheim perceive religion as functional to society ? *10*